
रेट

दुकान

प्रस्ताव
ने पास
यह भी
के दाम
एंगे।

र्षी

ना



शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली में गुरुवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रो भारती भागड़ा ने की। इस प्लेसमेंट ड्राइव में संजौली महाविद्यालय के लगभग 14 विद्यार्थियों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जिनमे से दीक्षा और अमन दो विद्यार्थियों को चयनित किया गया। चयनित दोनों छात्रों को कंपनी द्वारा रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा ने विद्यार्थीयो के मंगल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट ड्राइव में प्राचार्य प्रो भारती भागडा, बी वॉक नोडल ऑफिसर डॉ. मीनाक्षी शर्मा तथा सेटम वर्क स्किल के डिविजनल मैनेजर शिव कुमार, को-आर्डिनेटर सुमित शर्मा उपस्थित रहे

# दीक्षा और अमन को मिला आकर्षक पैकेज

शिमला। राजधानी के संजौली कॉलेज में छात्रों के लिए चलाए जा रहे परिसर साक्षात्कार में वीरवार को दीक्षा ठाकुर और अमन का सेंटम वर्क स्किल इंडिया के लिए चयन हुआ। कॉलेज प्राचार्य डॉ. भारती भागड़ा और बीवॉक की नोडल ऑफिसर डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि दो दिन में कॉलेज के छह विद्यार्थियों का आकर्षक रोजगार के लिए चयन हो चुका है। ब्यूरो